आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-192- ● कटनी ● शुक्रवार, 13 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# तालिबान ने किया कंधार पर कब्जा, काबुल भी दूर नहीं

## अफगान सरकार के हाथ से निकलीं 13 राजधानियां, भारत ने जारी की एडवाइजरी

**काबुल।** अफगानिस्तान की जमीं से अमेरिका की सेना की रवानगी के साथ ही तालिबान के हौंसले बढ़ गए हैं। आतंकी संगठन ने एक के बाद एक शहर पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। ताजा खबर है कि तालिबान ने अफगानिस्तान के दूसरे सबसे बड़े शहर कंधार पर कब्जा कर लिया है। एक ट्वीट कर संगठन ने यह दावा किया। समाचार एजेंसी एएफपी ने इसकी पुष्टि की है। इस बीच, भारत ने अफगानिस्तान में रह रहे सिखों और हिंदुओं से कहा है कि वे देश छोड़ दें और किसी तरह की मदद चाहिए तो भारत से सम्पर्क करें। वहीं अमेरिका समेत अन्य देशों ने भी अपने नागरिकों को वहां से से निकालने की कवायद शुरू कर दी है। तालिबान के लड़ाकों की नजर अब राजधानी काबुल पर है। अफगानिस्तान में कंधार के बाद काबुल ही सबसे बड़ा शहर आता है। जब से अमेरिकी सेना अफगानिस्तान से वापस आई है, तब से ही तालिबान पूरी ताकत के साथ इस पर अपना हक जमाने में लगा हुआ है। अपनी इसी कोशिशों के चलते उसने अब तक कई इलाकों में कब्जा कर लिया है। कंधार पर स्थायित्व जमाने से पहले गुरूवार को तालिबान ने दो और प्रांतीय राजधानी गजनी और हेरात पर कब्जा कर लिया था। उसके बाद काबुल पर कब्जा करना तालिबान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रकार से ये आंतकी संगठन ने अब तक 12 प्रांतीय राजधानियों पर कब्जा कर लिया है।

### कंधार के बाद तालिबान का अगला टारगेट

कंधार पर कब्जा कर लेने के बाद जाहिर सी बात है, अब तालिबान आतंकियों का अगला टारगेट काबुल ही रहने वाला है। इस आतंकी संगठन की अगर बात करें तो यह महज काबुल से 130 किलोमीटर की दूरी पर ही है। अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट से ये भी पता चलता है कि तालिबान काबुल पर कब्जा करने में ज्यादा समय नहीं गवाएंगा वह मात्र एक महीने के भीतर ही उसे घेर लेगा और 3 महीने के अंदर उस पर अपना कब्जा जमा लेगा। अफगानिस्तान के प्रांत गजनी पर तालिबान के कब्जे के साथ ही काबुल को दक्षिणी प्रांतों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण हाईवे कट गया है। इसे लेकर स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि गजनी शहर के बाहर स्थित एक सैन्य दल और खुफिया ठिकाने पर लड़ाई चल रही है।



### गनी के राष्ट्रपति रहते समझौता नहीं

अफगानिस्तान में जारी संघर्ष के बीच पाक पीएम इमरान खान ने कहा है कि जब तक अशरफ गनी देश के राष्ट्रपति रहेंगे तब तक आतंकी गुट अफगानिस्तान सरकार से बात नहीं करेगा। उन्होंने अपने मन की बात रखते हुए कहा कि मौजूदा हालात में राजनीतिक समझौता मुश्किल दिख रहा है। उन्होंने कहा, मैंने तालिबान को मनाने की कोशिश की थी लेकिन उन्होंने कहा कि गनी के होते हम बात नहीं कर सकते।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

अफगानिस्तान में बचे भारतीयों के लिए भारत सरकार ने गुरुवार को एक और एडवाइजरी जारी की। काबुल स्थित भारतीय दूतावास की तरफ से जारी इस एडवाइजरी में सभी भारतीयों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। इसके अलावा भारतीयों को काबुल स्थित भारतीय दूतावास में रजिस्टर करवाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भारत से अफगानिस्तान जाने वाले मीडियाकर्मियों को भी आगाह किया गया है। इसमें कहा गया है कि उड़ानें बंद होने से पहले भारतीय नागरिक वतन लौटने के तुरंत इंतजाम करें। भारतीय कंपनियां भी अपने कर्मचारियों को वापस भेज दें। अफगानिस्तान में तेजी से बदल रहे हालात के मद्देनजर अमेरिका काबुल में दूतावास से कुछ और कर्मियों को वापस लाने के लिए अतिरिक्त सैनिक भेजने वाला है।

# तीसरी लहर की आशंका 543 बच्चे संक्रमित



**बंगलूरू।** तीसरी लहर की आशंका के बीच बंगलूरू में कोरोना खतरनाक रूप अख्तियार कर चुका है। आंकड़ों की बात की जाए तो एक से 11 अगस्त के बीच सिर्फ बंगलूरू में ही 543 बच्चों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इन सभी की उम्र 10 से 19 वर्ष के बीच है। इस बीच अपने अधिकारिक दौरे से लौटे सीएम बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को विशेषज्ञों के साथ आपात बैठक बुला ली है। गौरतलब है कि, विशेषज्ञों की राय के बाद ही सीएम ने कर्नाटक में स्कूलों को खोले जाने का आदेश पारित किया था। लेकिन, विकराल होते कोरोना को देखते हुए इस बैठक में कई कड़े निर्णय लिए जा सकते हैं। जिन 543 बच्चों व युवाओं में कोरोना की पुष्टि हुई है। उनमें से ज्यादातर में कोरोना के या तो हल्के लक्षण हैं या फिर लक्षण ही नहीं है। वैज्ञानिक, इसे बड़ा खतरा मान रहे हैं। क्योंकि, बिना लक्षणों के कोरोना बच्चों व युवाओं पर आक्रमण कर रहा है। इससे तीसरी लहर की आशंका भी बढ़ती जा रही है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच ज्यादातर राज्य सरकारें स्कूल खोलती जा रही हैं। ऐसे में एक बार फिर से स्कूल बंद रखने की मांग उठने लगी है।

# सड़कों से हटेगी पुरानी गाड़ियां

## गुजरात इन्वेस्टर्स समिट में पीएम मोदी की घोषणा

**नई दिल्ली।** गुजरात में निवेश को बढ़ावा देने के लिए गुजरात इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी वर्चुअली संबोधित कर रहे हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 75वें स्वतंत्रता दिवस से पहले आज का ये कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के बड़े लक्ष्यों को सिद्ध करने की दिशा में एक और कदम है। आज देश national automobile scrappage policy को लॉन्च कर रहा है, ये भारत की मोबिलिटी को नई पहचान देने वाला है। नई स्क्रैपिंग पॉलिसी, Waste to Wealth- कचरे से कंचन के अभियान की, #CircularEconomy की एक अहम कड़ी है। ये पॉलिसी, देश के शहरों से प्रदूषण कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के साथ तेज़ विकास की हमारे कमिटमेंट को भी दर्शाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एक तरफ भारत



Deep Ocean mission के माध्यम से नई संभावनाओं को तलाश रहा है, तो वहीं सर्कुलर इकॉनॉमी को भी प्रोत्साहित कर रहा है। कोशिश ये है कि विकास को हम sustainable बनाएं, environment friendly बनाएं। पीएम मोदी ने कहा कि इस पॉलिसी से सामान्य परिवारों को हर प्रकार से बहुत लाभ होगा। सबसे पहला लाभ ये होगा कि पुरानी गाड़ी को स्क्रैप करने पर एक सर्टिफिकेट मिलेगा। ये सर्टिफिकेट जिसके पास होगा उसे नई गाड़ी की खरीद पर रजिस्ट्रेशन के लिए कोई पैसा नहीं देना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसके साथ ही उसे रोड टैक्स में भी कुछ छूट दी जाएगी। दूसरा लाभ ये होगा कि पुरानी गाड़ी की मैंटेनेंस कॉस्ट, रिपेयर कॉस्ट, fuel efficiency, इसमें भी बचत होगी। इस पॉलिसी से सामान्य परिवारों को हर प्रकार से बहुत लाभ होगा। सबसे पहला लाभ ये होगा कि पुरानी गाड़ी को स्क्रैप करने पर एक सर्टिफिकेट मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये सर्टिफिकेट जिसके पास होगा उसे नई गाड़ी की खरीद पर रजिस्ट्रेशन के लिए कोई पैसा नहीं देना होगा। तीसरा लाभ सीधा जीवन से जुड़ा है। पुरानी गाड़ियों, पुरानी टेक्नॉलॉजी के कारण रोड एक्सीडेंट का खतरा बहुत अधिक रहता है, जिससे मुक्ति मिलेगी। चौथा, इससे हमारे स्वास्थ्य प्रदूषण के कारण जो असर पड़ता है, उसमें भी कमी आएगी।

**Twitter vs Congress**

# राहुल गांधी के फेसबुक और इंस्टा अकाउंट भी हो सकते हैं ब्लॉक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेप पीड़िता के परिवार की तस्वीर शेयर कर राहुल गांधी बुरी तरह फंस गए हैं। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पहली ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का ट्विटर अकाउंट अस्थायी तौर पर बंद कर चुकी है। ताजा खबर यह है कि राहुल गांधी का फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट भी ब्लॉक किया जा सकता है। द नेशनल कमीशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स यानी एनसीपीसीआर ने फेसबुक और इंस्टाग्राम को चिट्ठी लिखकर मांग की है कि राहुल गांधी के इन प्लेटफॉर्म पर बने अकाउंट्स भी बंद कर दिए जाए। क्योंकि राहुल गांधी ने जो आपत्तिजनक फोटो ट्विटर पर पोस्ट की थी, वो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट किए हैं। यही नहीं, एनसीपीसीआर ने राहुल गांधी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग भी की है। आरोप है कि राहुल गांधी ने ये फोटो जारी कर पोस्को एक्ट का उल्लंघन किया है।इस बीच, शुक्रवार सुबह राहुल गांधी ने यूट्युब पर एक वीडियो जारी कर ट्विटर की कार्रवाई का विरोध किया। राहुल गांधी ने कहा, एक कंपनी हमारी राजनीति को परिभाषित करने की कोशिश कर रही और एक राजनेता के रूप में मुझे यह पसंद नहीं है।

## फटाफट खबरें



### घर के बाहर कूड़े के ढेर से मिला ग्रेनेड

**अमृतसर।** यहां के रंजीत एवेन्यू में घर के सामने कूड़े के ढेर में एक बमनुमा चीज मिलने से सनसनी फैल गई। इसे ग्रेनेड बताया जा रहा है। रंजीत एवेन्यू अमृतसर के पॉश इलाकों में शामिल है। सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर डॉ. सुखचैन सिंह गिल और डीसीपी मुखविंदर सिंह भुल्लर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। इसके अलावा सूचना मिलते ही मौके पर बम निरोधक दस्ता भी पहुंच गया है।

### बेटे जहांगीर के साथ दिखीं करीना



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने बेटे जहांगीर की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। हालांकि, उनकी इस फोटो में बेटे जेह का चेहरा नजर नहीं आ रहा है। लेकिन, इस फोटो को शेयर करके करीना ने यह बात जता दी है कि उनको ट्रोलर से कोई फर्क नहीं पड़ता है। आपको बता दें कि जब से करीना के दूसरे बेटे का नाम जहांगीर होने का पता चला है, तब से ही सोशल मीडिया पर उनको और उनके पति को जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

**कोरोना के खिलाफ भारत की जंग में रूसी वैक्सीन**


# अगले महीने से बनेगी सिंगल डोज स्पूतनिक लाइट वैक्सीन, 750 रुपये में लगेगा टीका

**नई दिल्ली।** कोरोना के खिलाफ भारत की जंग को जल्द ही मजबूती मिलने वाली है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो सिंगल डोज वाली स्पूतनिक लाइट वैक्सीन का उत्पादन सितंबर से भारत में ही शुरू हो जाएगा और 750 रुपये में लोगों को इसकी खुराक मिलना भी शुरू हो जाएगी। भारत में इसका उत्पादन करने वाली पनेसिया बायोटक ने ड्रग रेगुलेटर से इसके आपातकालीन इस्तेमाल की इजाजत मांगी है। बता दें कि पनेसिया व रशियन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट फंड के बीच पहले ही करार हो चुका है। जुलाई में पनेसिया बायोटेक को स्पूतनिक लाइट का लाइसेंस भी मिल चुका है। हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित प्लांट में यह वैक्सनी बनाई गई थी, जो क्वालिटी चेक में सफल हुई है। इसके साथ ही सेंट्रल ड्रग लैबोरेटरी ने भी इसे मंजूरी दे दी है। अब अगर ड्रग रेगुलेटर इसके आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति देते हैं तो पनेसिया बायोटक हर साल 10 करोड़ वैक्सीन बनाना शुरू कर देगी।

### दिन दहाड़े किन्नर को गोलियों से भूना

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में अफजलगढ़ थाना क्षेत्र में शुक्रवार काको दिन निकलते ही एक किन्नर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। वहीं किन्नरों ने हत्या को लेकर हंगामा कर दिया, जिसके बाद भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार है, पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।

# लाहौल में अब टूटा पहाड़: चंद्रभागा नदी का बहाव रुका, गांव छोड़ कर भागे लोग



**उदयपुर, लाहौल-स्पीति।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के लिए इस बार बरसात आफत बन गई है। सूबे के अब जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उदयपुर उपमंडल के नालडा के सामने पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर चंद्रभागा नदी में गिर गया है। जिससे नदी का बहाव रुक गया और क्षेत्र के कई गांवों को खतरा पैदा हो गया है। चंद्रभागा नदी का बहाव रूकने से जूंडा, तडंग और जसरथ गांव की सैकड़ों बीघा जमीन फसल के साथ जलमग्न हो गई है। जसरथ और तंडग गांव के लोग अपनी जान बचाने के लिए घर छोड़कर भागे। स्थिति अभी भी सामान्य नहीं हुई है। जसरथ गांव अभी भी खतरे की जद में है। जसरथ पुल के एक छोर तक पानी पहुंच गया है। सुबह के समय पहाड़ी से भूस्खलन के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। पानी का बहाव रूकने के बाद जिस तरह से स्थिति बनी हुई है। अगर यह पानी का रूकाव अचानक टूट गया तो लाहौल के कई गांवों के साथ पुलों को खतरा हो सकता है। इधर स्थिति को देखते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. राम लाल मारकंडा शिमला में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे हैं। पुलिस अधीक्षक लाहौल-स्पीति मानव वर्मा ने घाटी के सभी प्रधानों से ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है।

# मुंबई के बाद डेल्टा प्लस वैरिएंट से रायगढ़ में भी मौत

**गोबिंदगढ़।** मुंबई के बाद रायगढ़ में भी डेल्टा प्लस वैरिएंट से मौत का मामला सामने आया है। इसके बाद महाराष्ट्र में कोरोना के इस वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। रायगढ़ कलेक्टर निधि चौधरी ने बताया कि नागोथाने इलाके में 69 वर्षीय व्यक्ति की मौत डेल्टा प्लस वैरिएंट से हुई है। इससे पहले मुंबई के घाटकोपर में 63 वर्षीय महिला की मौत का मामला भी सामने आया था, उसकी मौत की पुष्टि भी डेल्टा प्लस वैरिएंट से हुई है। वहीं महाराष्ट्र के रत्नागिरी में भी 13 जून को 80 वर्षीय महिला की मौत भी डेल्टा प्लस वैरिएंट की वजह से हुई थी। खास बात यह है कि मुंबई में डेल्टा प्लस वैरिएंट से मरने वाली महिला वैक्सीन के दोनों डोज ले चुकी थी। इसके बाद भी उसे फेफड़ों व सांस लेने में समस्या हुई, 21 जुलाई को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई और 24 जुलाई को वह अस्पताल में भर्ती हुई, जहां तीन दिन बाद उसकी मौत हो गई। 11 अगस्त को राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला में डेल्टा प्लस वैरिएंट की जानकारी बृहन्मुंबई महानगर पालिका को दी गई।

# नेता पुत्रों के कारण महाकाल मंदिर में हंगामा

## मंदिर के गेट बंद करने से पुजारियों ने जताथा गुस्सा

**उज्जैन।** भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय, विधायक पुत्र आकाश व रमेश मेंदोला के साथ शुक्रवार अलसुबह महाकाल मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे। उनके साथ कुछ वीआइपी भी थे। इस दौरान प्रशासन ने सभी गेटों को बंद कर दिया था। भस्मारती के लिए जब मुख्य पुजारी व अन्य पुजारी गेट पर पहुंचे तो इन्हें जाने नहीं दिया गया। इस पर पुजारियों ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि इस कारण से भस्मारती आधे घंटे विलंब से हुई।



मामले में मंदिर प्रशासक व अधिकारी कुछ भी कहने से बचते रहे। इस मामले में फि?लहाल विजयवर्गीय की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। विजयवर्गीय अपने पुत्र आकाश और रमेश मेंदोला के साथ नागपंचमी के दिन भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। उनके मंदिर में प्रवेश के बाद प्रशासन ने सभी गेट बंद कर दिए। सुबह 4 बजे भस्म आरती करने पुजारी गेट नंबर चार पर पहुंचे तो उन्हें रोक दिया गया। पुजारियों का कहना है कि प्रशासन ने गर्भगृह में प्रवेश पर पाबंदी लगा रखी है। भस्मारती में भी अन्य सभी लोगों का प्रवेश वर्जित है। ऐसे में नेताओं को प्रवेश कैसे दिया गया।

# 15 अगस्त पर थी बड़े हमले की साजिश, आतंकी उस्मान ढेर



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कुलगाम एनकाउंटर में पाकिस्तान मूल के लश्कर के बड़े आतंकी को ढेर कर दिया है। यह मुठभेड़ गुरुवार से चल रही थी। मारे गए आतंकी का नाम उस्मान बताया गया है जिसकी सेना को करीब 6 माह से तलाश थी। मुठभेड़ में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भी अहम भूमिका निभाई। आतंकी की ओर से की गई गोलीबारी में 2 जवानों समेत कुल 4 लोग घायल हुए हैं। पूरे घटनाक्रम के बारे में जम्मू कश्मीर पुलिस के आईजी विजय चौधरी ने बताया कि 15 अगस्त से पहले आतंकी बड़ी वारदात को अंजाम देना चाहते थे। उनके मुताबिक, आतंकियों के कब्जे से मिले गोला-बारूद को देखते हुए कहा जा सकता है कि यह बहुत बड़ी साजिश थी, जिसे नाकाम कर दिया गया है।

# नागपंचमी | मध्य रात्रि खुले उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट

**उज्जैन।**

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर के शिखर पर स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट नागपंचमी के लिए गुरुवार-शुक्रवार की दरमियान रात 12.20 बजे खोले गए। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े के साधु संत तथा मंदिर प्रशासक ने भगवान नागचंद्रेश्वर की पूजा अर्चना की। भक्तों को शुक्रवार मध्यरात्रि 12 बजे तक भगवान नागचंद्रेश्वर के इंटरनेट माध्यमों पर आनलाइन दर्शन होंगे। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के बाहर मेगा स्क्रीन भी लगाई जाएगी। मंदिर की परंपरा अनुसार नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर की त्रिकाल पूजा की जाती है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात पट खुलने पर प्रथम पूजा के बाद शुक्रवार दोपहर 12 बजे शासकीय पूजा होगी।

### रात 12 बजे आरती के बाद फिर बंद कर दिए जाएंगे पट

शाम 7.30 बजे भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद महाकाल मंदिर के पुजारी, पुरोहित मंदिर समिति की ओर से पूजन करेंगे। शुक्रवार रात 12 बजे आरती के उपरांत एक साल के लिए पुन~ मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। नागपंचमी की पूर्व रात को भगवान महाकाल को भी शेषनाग रूप में सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु



मंदिर दर्शनों के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमण के चलते नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर के सामान्य दर्शन बंद रहेंगे। किसी भी दर्शनार्थी को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। श्रद्धालु मंदिर की वेबसाइट व अन्य इंटरनेट माध्यमों के जरिए घर बैठे भगवान के दर्शन कर सकेंगे। प्रशासक नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया नागपंचमी पर महाकाल दर्शन करने के इच्छुक भक्तों को अग्रिम बुकिंग कराना अनिवार्य रहेगा।

### महाकाल दर्शन के लिए चारधाम मंदिर से प्रवेश

नागपंचमी पर भगवान महाकाल के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को चारधाम मंदिर के सामने से प्रवेश दिया जाएगा। दर्शनार्थियों को दर्शन की अग्रिम बुकिंग कराना अनिवार्य है। भक्तों की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार के समीप निःशुल्क जूता स्टैंड, क्लाक रूम, लड्डू प्रसाद काउंटर आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मंदिर के अन्नक्षेत्र में बाहर से आने वाले दर्शनार्थी निःशुल्क भोजन प्रसादी ग्रहण कर सकते हैं।



# हरे परिधान पहनकर रैम्प पर किया कैटवॉक



## हरियाली का संदेश

**कटनी।** हरियाली तीज के अवसर पर अयोध्यावासी स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा कैलवाराकला झुरही स्थित दयोदय जैन तीर्थ स्थल पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बहनों ने हरे परिधान में हरियाली का संदेश देते हुए विविध प्रजाति के पौधे रोपे। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष स्नेहलता स्वर्णकार, सुमन सोनी, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, अभिलाषा सोनी, जया, नीतू, नगीना सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी रही।



### हरियाली तीज पर अभा दिगम्बर जैन महिला परिषद का शपथ ग्रहण समारोह



**कटनी।** दयोदय गौशाला परिसर में अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग की शाखा कटनी द्वारा शपथ समारोह एवं हरियाली तीज का वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम शपथ ग्रहण का कार्यक्रम हुआ, इसके बाद हरियाली तीज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे सभी बहनों ने बॉलीवुड थीम पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसमें परिषद की वरिष्ठ सदस्य एवं संभागीय अध्यक्ष श्रीमती शशि द्वारा सभी लोगों को शपथ दिलाई गई। सभी बहनों ने शपथ ली कि वह अपने कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक निभाएंगे एवं समाज के उद्धार के कार्य करेंगे, इसके साथ ही सभी बहनों ने मूक पशुओं के साथ हरियाली तीज मनाकर अपनी संस्कृति को संजोकर रखने एवं प्राणी मात्र पर दया का अनोखा परिचय दिया एवं सभी बहनों ने जीवो पर दया एवं सेवा करने एवं समाज सुधार में हमेशा आगे रहकर सहयोग करने की शपथ ली। अध्यक्ष शालु जैन, सचिव संध्या जैन एवं कोषाध्यक्ष आशा चंदेरिया द्वारा आयोजन की पूर्ण तैयारी एवं सभी अतिथि एवं परिषद की बहनों के भोजन की व्यवस्था गौशाला परिसर में की गई। सभी बहनों ने खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कोई बहन जयाप्रदा, कोई माधुरी दीक्षित, रेखा, हेमा मालिनी बनकर सज धज कर आई एवं उनके किरदारों पर कैटवॉक करके डांस किया। परिषद की वरिष्ठ सदस्य एवं नई सदस्य सभी बहनों ने रेल गाड़ी बनाकर खेल खेला एवं अपने बचपन को जी भर कर जिया। सभी बहनों से सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए एवं उन्हें पुरस्कार दिया गया। संभागीय अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन, अध्यक्ष शालु जैन, सचिव संध्या जैन, कोषाध्यक्ष आशा चंदेरिया, परिषद की चेयर पर्सन श्रीमती बबीता जैन, श्रीमती नीता जैन, मीनू स्नेह जैन , श्रीमती आराधना जैन, श्रीमती रजनी जैन, श्रीमती अंजू जैन, संरक्षक श्रीमती पिंकी जैन, किरण जैन, आभा जैन, संगीता जैन, जयश्री जैन, निशा जैन, समता जैन, रीना जैन, मंजू जैन, प्रीति पटवारी, प्रतिभा जैन, पूजा जैन, वंदना जैन, लता जैन, अनीता बाजार, कल्पना पटवारी, दीप्ति शुभा जैन, शोभा जैन, रचना जैन, प्रियंका जैन, रिंकी जैन, लता जैन, प्रीति जैन की उपस्थिति रही।





चंद्रशेखर आजाद वार्ड बावली टोला में कार्यक्रम

## महिलाओं ने रोपे तुलसी और सदा सुहागन के पौधे

**कटनी।** चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित बावली टोला में मरही माता मंदिर के पास हरियाली तीज के अवसर पर क्षेत्र की महिलाओं ने हरे परिधान पहनकर विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपते हुए हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने गमले में तुलसी और सदा सुहागन के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके पहले पवित्र श्रावण मास के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का दुग्ध, शहद, घी, दही, शक्कर, इत्र के साथ अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति बर्मन, श्रीमती रेखा रजक, बबली रजक, श्रीमती रीतू बर्मन, अनीता खटीक, शोभा कोरी, सावित्री बर्मन, अनीता रजक, पूनम बर्मन एवं श्यामा खटीक सहित अन्य बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## अंकुर अभियान के तहत लोक सेवा केन्द्र बड़वारा परिसर में किया गया पौधारोपण

**कटनी।** प्रदेश में हरि क्षेत्र में वृष्टि के साथ ही स्वच्छ पर्यावरण और प्राणवायु से समृद्ध बनाने की दिशा में अंकुर अभियान संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत फलदार एवं



छायादार वृक्षों का पौधारोपण और उनकी देखभाल की गतिविधियां जिले में सतत् रुप से की जा रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलबीर रमन ने भी पौधारोपण किया। अंकुर अभियान के तहत बड़वारा स्थित लोक सेवा केन्द्र बड़वारा के परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें एसडीएम श्री रमन सहित अन्य लोक सेवकों द्वारा भी पौधारोपण कर इस अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान तहसीलदार क्षमा सराफ सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## ब्राह्मण समाज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज



**कटनी।** जिला ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा ब्राम्हण सत्संग भवन में बहुत ही धूमधाम से हरियाली तीज का कार्यक्रम भजन उत्सव के साथ मनाया गया आज सभी महिलाओं ने हरे कलर अधिक से अधिक प्रयोग करते हुए कार्यक्रम में भाग लिया प्रथम स्थान डॉक्टर उषा पांडे को प्रापत हुआ सभी महिलाओं ने बहुत सुंदर हरी वेशभूषा धारण की थी ब्राह्मण समाज भी सदा ऐसा ही फलता फूलता हरा भरा रहे ऐसी भगवान भोलेनाथ से कामना की। कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष कल्पना दुबे, महामंत्री डॉ. उषा पांडे, उपाध्यक्ष शशि शुक्ला, कवित्री सावित्री तिवारी, अर्चना तिवारी, अभिलाषा गर्ग, लक्ष्मी तिवारी, माधुरी तिवारी, अंजू तिवारी, भारती शर्मा, सीता बडगैया, गरिमा पांडे, रुचि गौतम, शालू मिश्रा, मंजू मिश्रा, शशि मिश्रा, रुकमणी तिवारी, मनीषा गर्ग, श्रद्धा गर्ग, सुमित्रा शर्मा सहित समाज की महिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## जिले में अब तक 478.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 12 अगस्त 2021 तक 478.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 422.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 12 अगस्त 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 455.4 मिलीमीटर, रीठी में 472.7 मिमीए बड़वारा में 584.0 मिमीए बरही में 577.0 मिमीए विजयराघवगढ़ में 523.4 मिमी. बहोरीबंद में 411.9 मिमी. स्लीमनाबाद में 314.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 508.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे निरंक मिमी वर्षा दर्ज हुई।

## शांति और सद्भाव के साथ मनाएं सभी त्यौहार

शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



**कटनी।** आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये शांति समिति की बैठक का आयोजन गुरुवार को हुआ। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से सुझाव भी प्राप्त किये। जिस पर यथोचित कार्यवाही के लिये संबंधितों को निर्देशित भी किया। बैठक में एसपी श्री अवस्थी ने सभी से समस्त त्यौहार शांति पूर्ण व सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिये शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करें। सभी कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करते हुये त्यौहार मनायें। शांति समिति की बैठक में कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करते हुये मोहर्रम में ताजिया निकालने के निर्देश दिये। समिति सदस्यों द्वारा नगर निगम के द्वारा की जाने वाली पूर्वत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने की बात कही गई। जिस पर श्री अवस्थी ने आयुक्त नगर निगम को व्यवस्थायें दुरुस्त करने के निर्देश दिये। साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था बेहतर हो इसके लिये संबंधितों को निर्देशित किया। रक्षाबंधन पर बाजार मार्ग पर लगने वाला बाजार फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में लगाने का निर्णय भी शांति समिति की बैठक में लिया गया। नगर निगम को बाजार व्यवस्थित रुप से संचालित करने के निर्देश भी बैठक में दिये गये। कजलिया एवं जन्माष्टमी की तैयारियों को लेकर भी शांति समिति की बैठक में विमर्श किया गया। जिस पर कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने दिये। बैठक में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, एसडीएम बलबीर रमन, डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी सहित समिति सदस्य भी उपस्थित रहे।



## गृह जिले में किया जाए पटवारियों का तबादला

**पटवारियों ने भरी हुंकार, तीसरे दिन भी जारी रही अनिश्चितकालीन हड़ताल**

**कटनी।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांतीय आवाहन पर आज दिनांक 12 अगस्त को पटवारी संघ की कटनी जिले की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। 3 सूत्रीय मांगों में ग्रेड पर 2100 से बढ़ाकर 2800 किया जाए, समयमान वेतनमान में विसंगति पद क्रम के अनुसार सुधार किया जाए तथा दूरदराज पदस्थापना किए गए पटवारियों का स्थानांतरण गृह जिले में की जाए तथा सीपीसीटी की परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त की जाए।

स्थानीय समस्याओं में तहसील स्लीमनाबाद में पदस्थ पटवारी अनंत गुप्ता का निलंबन बिना शर्त समाप्त कर यथावत पद स्थापना की जाए। अनुज जायसवाल पटवारी बड़वारा का 2017 के 2 माह का रोका गया वेतन दिलाया जाए। अमित श्रीवास्तव पटवारी विधि का प्रयोग के समय का माह अप्रैल 2020 का वेतन दिलाया जाए। संतोष दाहिया पटवारी रीठी का निलंबन अवधि का वेतन दिलाया जाए। डबल हल्के की प्रभार 500 रूपए कुछ तहसीलों में नहीं लगाया जा रहा है। इन समस्याओं के निराकरण की मांग पटवारी संघ ने की है। हड़ताल में जिलाध्यक्ष दादू राम पटेल, जिला सचिव गजेंद्र राय, अतीश सिंह राजपूत, राहुल सिंह सेंगर, हिमांशु सोनी, अमित श्रीवास्तव, अनंत गुप्ता, भान सिंह बागरी, अवध मिश्रा, तुलाराम वर्मा, बृजेश साहू, विनीत सिंह बघेल, मोहम्मद नाजिर, महेंद्र त्रिपाठी, मानसी चौरसिया, आनंद डेहरिया, सुमित मानदे, संजय जैन, कविता गोटिया, रॉबिन सिंह, संजय सिंह राठौर, संजीत धुर्वे, विश्वनाथ सिंह ठाकुर, राकेश गुप्ता, हरी प्रसाद यादव, संतोष कुमार दहायत, भगवंत सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार सोनी, गीतांजलि मिश्रा, अशोक सिंह बागरी, जयकुमार पटवारियों की उपस्थिति रही। पटवारियों की न्यायोचित मांगों के लिए अशासकीय कालेज संघ एवं किसान मोर्चा ने समर्थन किया है। किसान मोर्चा के डॉ. ए.के.खान तथा अशासकीय कालेज संगठन के विक्रम बहरे द्वारा समर्थन दिया गया।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 13 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper





# 948 स्वसहायता समूहों को मिली 5 करोड़ की राशि

**केन्द्र सरकार का आत्मानिर्भर नारी शक्ति से संवाद कार्यक्रम**

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वहसहायता समूह सदस्यों एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के सशक्त महिला सदस्यों से संवाद किया। स्वसहायता समूहए ग्राम संगठनए संकुल स्तरीय संगठनए किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से स्वयं आत्मलनिर्भर होकर समाज के विकास मे बेहतर योगदान देने वाले सदस्यो के साथ इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उनके अनुभव को साझा करते हुए समाज को प्रेरणा लेने की बात कही गई। 12 अगस्त को देशभर मे संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग से जुड़े सदस्यो को विभिन्न प्रकार की गतिविधियांए जिनमें किसान उत्पादक संगठनए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनाए सामुदायिक निवेश निधि एवं चक्रीय राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के इस कड़ी में कटनी जिले में भी जिला पंचायत की प्रधान ममता पटेलए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे की उपस्थिति मे जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार मे किया गया। साथ ही जिले के समस्त जनपद पंचायत केन्द्रों मे जनपद पंचायत अध्यक्षए उपाध्यक्षए क्षेत्रीय जिला स्तरीय संगठनए ग्राम संगठन एवं समूह स्तर मे भी स्वसहायता समूह से जुड़े सदस्यों ने विभिन्न माध्यमो से अपनी सहभागिता की। सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे ने बताया कि कटनी जिले में इस कार्यक्रम अंतर्गत 501 स्वंसहायता समूहो के 6012 सदस्यों को 4 करोड 50 लाख 20 हजार रूपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में तथा 447 स्वंसहायता समूहो के 5321 सदस्यो् को 53 लाख 21 हजार रूपये रूपये चक्रीय राशि के रूप मे जारी की गई। इस तरह कुल 948 स्व सहायता समूहो के 11333 सदस्यो को राशि 5 करोड 3 लाख 41 हजार रुपये का वितरण किया गया है। वहीं जिले के दो स्वसहायता समूह को 1 लाख 20 हजार रूपये की राशि जारी की गई है। जिलास्तरीय कार्यक्रम मे उदम वानरा अग्रणी जिला प्रबंधकए जिला परियोजना प्रबंधक शबाना बेगमए जिला प्रबंधक रविशंकर परस्तेए अंकिता मरावीए सीमा शुक्लाए संजय सोधियॉए कमलाकर मिश्राए रामसुजान द्विवेदीए वंदना जैन एवं कृषि सखी संत कुमारी विश्वकर्माए किरण कोरीए ज्योति हल्दकारए आशा कोरीए संतोषी परौहा एवं शकुन बाई हल्दकार उपस्थित थे।

# कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर जुर्माने की कार्यवाही

**कटनी।** नगर में कोविड -19 की वर्तमान संक्रमण दर एवं अपेक्षित तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए समुदाय में संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु कार्यालय कलेक्टर जिला कटनी के पत्र अनुसार जारी दिशा-निर्देश तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में लिये गये निर्णय के परिपालन में निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का



उल्लंधन कर नगर के सार्वजनिक स्थलों में बिना मास्क लगाये धूमनें वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा आज गर्ग चौराहा में 41 व्यक्तियों द्वारा कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक स्थलों में बिना मास्क के घूमनें पर 4100 रूपये की चालानी कार्यवाही तथा निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा आज नदीपार स्थित बस स्टेण्ड चौकी के पास अभियान चलाया जाकर 10 लोगों के द्वारा मास्क का उपयोग न करनें पर 1000 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित करनें की कार्यवाही की गई।

# वादा करें अभियान : शहर को पालिथीन मुक्त बनाने पहल

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की प्रारंभिक तैयारियों एवं नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें व पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से निगम प्रशासन द्वारा अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से रोजाना विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों को अमानक प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग न करनें की सलाह दी जा रही है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक श्री प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशानुसार निगम की सहयोगी संस्था द्वारा आज प्रातः महात्मा गांधी वार्ड स्थित



घंटाघर काली माता मंदिर के सामनें वादा करें अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी और पालिथीन के उपयोग को रोकनें हेतु शासन स्तर पर चलाये जा रहे अभियान की शुरूवात की गई। अभियान के तहत शहर के विभिन्न स्थलों में जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को अमानक प्लास्टिक एवं पालिथीन से होनें वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाकर उनके स्थान पर कपडे के थैले या कागज के बैग इत्यादि का उपयोग कर कटनी नगर को साफएवं स्वच्छ बनानें में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें की अपील की गई।

## स्वच्छता पर लघु फिल्म प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**कटनी।** जिले में लघु फिल्म प्रतियोगिता स्वच्छता फिल्मों का अमृत महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में स्वच्छ भारत मिशन फेज.2 अंतर्गत क्रियान्वयन के संबंध में दिशा.निर्देश जारी किये गये हैं। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने जिले के समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जारी निर्देशानुसार अपने जनपद क्षेत्र में लघु फिल्म प्रतियोगिता स्वच्छता फिल्मों का अमृत महोत्सव के क्रियान्वयन में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये हैं।

## शिविर में आईं गलत बिजली बिल की सबसे ज्यादा शिकायतें



बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा गणेश चौक स्थित कार्यालय में विगत 11 अगस्त को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे उपभोक्तओं की कई तरह की शिकायतों का समाधान किया गया। शिविर के दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें अनाप-शनाप बिजली बिल और गलत रीडिंग की रही। शिविर के विद्युत विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# जालपा वार्ड में सेन समाज के मंदिर में अवैध कब्जा

**कलेक्टर से शिकायत, कब्जा हटाए जाने की मांग**

**कटनी।** जालपा वार्ड स्थित शंकर जी मंदिर में एक महिला द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए अंडा और अवैध रूप से शराब का विक्रय किए जाने की शिकायत क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कलेक्टर से की गई है। शिकायत में बताया गया है कि श्रीवास समाज के पूवर्जों द्वारा जालपा देवी वार्ड भवन संख्या 114 में शंकर जी मंदिर का निर्माण कराया गया था, जहां श्रीवास समाज के लोगों के साथ ही मोहल्ले के अन्य लोग तीज-त्यौहारों में पूजा अर्चना करते हैं। शिकायत में कहा गया है कि श्रीमती सुधा साहू के पिता संजीवन साहू को किरायेदारी के बतौर निवास करने हेतु कमरा दिया गया था तथा सुधा के पिता का स्वर्गवास हो जाने के बाद वह उक्त कमरे में निवास कर रही है।

पिता की मृत्य के बाद शंकर जी मंदिर के कमरे का किराया आज तक नहीं दिया तथा बिना किराया दिये निवास कर रही है। समाज के लोगों द्वारा जब कमरा खाली करने के लिए कहा जाता है तो वह समाज के लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि वर्तमान में उक्त मंदिर का भवन अत्यंत ही जर्जर हो गया है। इसके अलावा सुधा साहू द्वारा पिछले कुछ समय से मंदिर के पास अंडे एवं अन्य



मंदिरा से संबंधित समान का विक्रय किया जा रहा है। समाज के लागों द्वारा जब इसका विरोध किया गया, तब सुधा साहू जबरन विवाद करने लगी। मंदिर के भवन को खाली कराने के लिये समाज के लोगों ने नगर निगम में आवेदन भी दिया। जिस पर नगर निगम द्वारा मकान खाली करने नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन इसके बावजूद आज तक मकान नहीं खाली किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि उक्त भवन नगर पालिक निगम के राजस्व अभिलेखो में भोलेनाथ शंकर जी के मंदिर के नाम से दर्ज है। जिसके कर का भुगतान सेन समाज के लोगों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में उक्त मंदिर जीर्ण-शीर्ण हो चुका है तथा काफी पुराना है। उसका समाज द्वारा जीर्ण उद्धार भी कराया जाना है लेकिन उक्त महिला द्वारा भवन को खाली नहीं किया जा रहा है। वार्ड पार्षद श्रीमती सुभद्रा सोनी एवं अयोध्यावासी स्वर्णकार नवयुवक संघ के साथ ही सेन समाज के कपिल श्रीवास, प्रदीप श्रीवास, प्रेस फोटोग्राफर रोहित सेन, अजय सेन, पर्वत सेन, नारायण प्रसाद श्रीवास, एन पी श्रीवास, मोहन लाल श्रीवास, पूरनलाल श्रीवास ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम एक शिकायत डिप्टी कलेक्टर नदीमा शीरी को सौंपते हुए मंदिर के भवन पर अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग की है।

# जेंडर संवेदीकरण पर मिला ऑनलाइन प्रशिक्षण

**अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम**



**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए कटनी के मार्गदर्शन में एवं दिनेश कुमार नोटियाए जिला न्यायाधीशध्सचिव तथा मनीष कौशिकए जिला विधिक सहायता अधिकारीए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के दिशा.निर्देशन में गुरुवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लिंगाया विश्वविद्यालय हरियाणा और स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश के सहयोग से भागीदारी जन सहयोग समति के संयुक्त तत्वाधान में जेण्डर संवेदीकरण पर ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें सचिव श्री नोटिया द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालेंटियर्स को मध्यस्थता का महत्व बताते हुये जानकारी दी गयी कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरलए त्वरितए सस्ती एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है। मध्यस्थता के माध्यम से अधिकारी दबाव रहित वातावरण में विभिन्न पक्षों के विवादों का निपटारा कराते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से समय तथा खर्चो की बचतए टूटे रिश्तों की पुर्नस्थापना तथा विवाद का अविलम्ब व शीघ्र समाधान होता है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कटनी अमित शुक्लाए पैनल अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालेंटियर्स ने भाग लिया।

# सुगम यातायात के लिए पुलिस एवं नगर निगम ने चलाया सामूहिक अभियान

**सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने पर चालानी कार्यवाही**

**कटनी।** नगर की सुगम यातयात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन के अतिक्रमण अमले द्वारा रोजाना प्रयास किये जा रहे है। अतिक्रमण अमले द्वारा आज प्रातः सिल्वर टॉकीज मोड स्थित सब्जी दुकानों, कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामनें विश्राम बाबा गेट के पास के मुख्य मार्गो के अतिक्रमण को हटानें की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु पुलिस प्रशासन एवं निगम के अतिक्रमण अमले द्वारा थाना तिरहा से मेन स्टेशन पहुंच मार्ग पर दुकानों के बाहर यातायात को प्रभावित कर व्यवसाय करनें वालों पर सामग्री जप्ती की कार्यवाही एवं अतिक्रमण पर अतिक्रमण समझोता शुल्क के रूप में 1200 रूपये की चालानी कार्यवाही करते हुए आवागमन को सुगम बनानें के प्रयास किये गए।



# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से मिली 30 हजार की आर्थिक सहायता

**कटनी।** एक प्रकरण में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 30 हजार रूपये आर्थिक सहायता ?राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही को उपचार के लिये यह आर्थिक सहायता राशि विधायक मुडवारा संदीप जायसवाल की अनुशंसा पर स्वीकृत की गई है। उपचार के लिये स्वीकृत की गई यह सहायता राशि आजाद चौक कटनी निवासी उषा बर्मन को स्वीकृत की गई है। स्वीकृत की गई यह सहायता राशि हितग्राही के उपचाररत अस्पताल अनंत इंस्टीट्यूट ऑफमेडिकल साईंस के बैंक खाते में भेजने की स्वीकृति कर आदेश जारी किया गया है।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**

**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**

**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई,**
**सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष :- 07622-401753 ई-मेल :- dpepiukatni@gmail.com

एन.आई.टी. न. -17/2021/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीई/........... कटनी दिनांक 05.08.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स.क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2021_PWPIU _154405_1 | जिला कटनी में वर्ष 2021-22 के लिए डी.पी.आर. एजेंसी का कार्य। | कटनी | 25.98 | 50000.00 | 5000.00 | म.प्र. के मुख्य वास्तुविद लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जवलपुर |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 09.08.2021 समय शाम 17:00 से दिनांक 21.08.2021 समय 06:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड ऑनलाईन दिनांक 21.08.2021 को सायंकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।
5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. कटनी

जी-15568/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890



कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# बाबू जगजीवन राम वार्ड की जैन कॉलोनी में आयोजित हुआ शिविर

### कावसजी एवं फारेस्टर वार्ड हेतु भारत चौक में होगा शिविर का आयोजन

**कटनी।** वित्तीय वर्ष 2021 -22 के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही छूट का नागरिकों को लाभ प्रदान करने की दृष्टि से जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अतिरिक्त रोजाना वार्डवार शिविरों का



आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक एवं जलकर निरीक्षक अनिल त्रिपाठी नें बताया कि आज प्रातः 10 बजे से बाबू जगजीवनराम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी में शिविर के आयोजन हेतु साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करवाकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित होने वाले नागरिकों को उनके बकाया करों की जानकारी व शासन नियमानुसार प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्रदान कर शाम 5:30 बजे तक 4.75 लाख संपत्तिकर तथा 1.15 लाख रूपये जलकर कुल 5.90 लाख की राशि निगम कोष में जमा की गई। नागरिकों को सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आज कावसजी वार्ड एवं फारेस्टर वार्ड के नागरिकों को निगम के बकाया करों को जमा करने की सुविधा हेतु भारत चौक में शिविर का आयोजन किया गया।

## एसडीएम कोर्ट कटनी प्रदेश की टॉप 5 बेस्ट परफार्मिंग कोर्ट्स में शामिल

**कटनी।** कटनी जिले की एसडीएम कटनी कोर्टए प्रदेश के टॉप 5 बेस्ट परफॉर्मिंग एसडीएम कोर्ट में चौथे स्थान पर शामिल है। कटनी जिले में उप खण्ड अधिकारी कटनी के न्यायालय में गत माह में 512 पंजीकृत प्रकरण दर्ज हुये हैं। वहीं माह में 520 प्रकरणों का निराकरण भी कोर्ट के माध्यम से हुआ है। प्रकरणों के निराकरण में एसडीएम कटनी बलबीर रमनए प्रदेश में चौथे स्थान पर रहे है। जारी सूची के अनुसार छतरपुर जिले के उपखण्ड अधिकारी बिजावर पहले स्थान पर शामिल हैं। वहीं छतरपुर जिले के ही उपखण्ड अधिकारी राजनगर दूसरेए रायसेन जिले के उप खण्ड अधिकारी रायसेन तीसरेए कटनी जिले के उप खण्ड अधिकारी कटनी चौथे और शहडोल जिले के उप खण्ड अधिकारी जयसिंहनगर पांचवे स्थान पर सूची में शामिल हैं।






# कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए युवा

### युवा दिवस पर जागृति पार्क में स्वच्छता पखवाड़ा एवं श्रमदान कार्यक्रम

**कटनी।** नेहरु युवा केंद्र के तत्वाधान में 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जाग्रति पार्क में स्वच्छता हेतु सक्रिय रूप से भागीदारी कर रहे युवाओं को सम्मानित किया गया, साथ ही 1 अगस्त से 15 अगस्त तक जारी स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता के सन्देश के साथ श्रमदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर मालायार्पण कर उपस्थित युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वन मंडल अधिकारी आर सी विश्वकर्मा व आर यिरुकुरल आईएफएस ने कोरोना काल में युवाओं को स्वच्छता की ओर ख़ास ध्यान देते हेतु प्रोत्साहित किया। अजय श्रीवास्तव महाप्रबंधक व्यापार उद्योग केंद्र ने युवाओं को समाज कल्याण के कार्यों में भाग लेने एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चलाई जा रहीए शासन कि नीतियों से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया। जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर ने अतिथियों को नेहरु युवा केंद्र द्वारा से जुड़े स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्वच्छता रैली, शपथ, गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, डोर.टू.डोर जागरूकता सामग्री वितरण, दीवार, नारा लेखन, पोस्टर, भाषण, श्रमदान, वृक्षारोपण के बारे में बताया। अतिथियों ने कोरोना महामारी की दूसरी लहर एवं स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा किये गए कार्यो के लिए अपने अपने विकासखंड कटनी, रीठी, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़, बड़वारा में सक्रिय युवाओ को प्रशस्ती पत्र एवं टी शर्ट प्रदान किये। ग्राम पंचायत, स्कूल एवं सार्वजानिक स्थलों पर एक जगह कचरा एकत्रित करने के सन्देश के साथ युवाओ को डस्टबिन प्रदान की। स्वयंसेवकों ने जाग्रति पार्क में चिन्हित स्थानों पर सफाई की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक कटनी विकासखंड से तृप्ति जैन, अशोक चौहान, साक्षी सोनिया, हेमंत गुप्ता, रीठी विकासखंड से सोनाली ताम्रकार, अंकित सोनी, बड़वारा विकासखंड से शुभम श्रीवास, नरेन्द्र कुशवाहा, ढीमरखेड़ा विकासखंड से विवेक गौतम, आस्था त्रिपाठी, बहोरीबंद विकासखंड से राम कुमार, विजयराघवगढ़ विकासखंड से आदित्य दुबे, महक बड़गैया, मंडल सक्रिय सदस्य आयुषी पाल, सर्जन सोनी, अभिनन्दन कुशवाहा, प्रकाश कुमार, पंकज गौतम, खेमचन्द्र यादव, विनय नागवंशी, सरिता बाई, सागर बेल, पूर्णांश राय, सुभम ठाकुर, नेहा उरमलिया, गिरीश अग्निहोत्री, अभिजीत पांडे का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में लेखा कार्यक्रम पर्यवेक्षक राज कुमार अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।



# मुख्य मार्गों सहित नाले नालियों एवं कलेक्शन प्वाइंटों की हुई सफाई







**कटनी।** निगम प्रशासन के स्वच्छता मित्रों द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित डोर टू डोर कचरे का संग्रहण, मुख्य मार्गो के डिवाइडर, कलेक्शन प्वाइंट एवं रोड के किनारे खरपतवार की कटाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गों, विश्राम बाबा मुख्य मार्ग सहित अन्य स्थलों पन्ना तिराहा ,बस स्टेण्ड, नदीपार स्थित मुक्तिधाम परिसर, चांडक चौक से शारदा हास्पिटल के पास ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव कार्य, आजाद चौक से सुक्खन चौक मुख्य मार्ग, जालपा देवी वार्ड की विभिन्न गलियों की सफाई एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल मैदान के कचरे के उठाव कार्य, महात्मा गांधी वार्ड स्थित जैन कॉलोनी में जे.सी.मशीन के माध्यम से कचरे के उठाव का कार्य, मिशन चौक, आचार्य विनोवा भावे वार्ड बालक प्राथमिक शाला खिरहनी के पास खपतवार की कटाई, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित मुख्य मार्गो, स्टेट बेंक तिराहा, चौपाटी फूल मंडी, सब्जी मंडी हाकर्स जोन, जिला चिकित्सालय मार्ग, सिटी कोतवाली थाना से मिशन चौक मुख्य मार्ग, कावसजी वार्ड भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, पुलिस लाईन ग्राउण्ड झिंझरी, जिला न्यायाल परिसर में खरपतवार की कटाई सहित नगर के मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई व्यवस्था के तहत नदीपार से पन्ना मोड तक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी गेट, माधवनगर गेट तक के डिवाइडर की सफाई एवं कचरे के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर की नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत इंदिरा नगर गली नंबर 9 में सेन मोहल्ला की नालियों की सफाई, रफी अहमद किदवई वार्ड स्थित एन.सी.सी आफिस के सामनें, रधुनाथ गंज वार्ड बजाज पैथेलॉजी के पास की नालियों, खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे एल.आई.सी ऑफिस के पीछे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड दुबे कॉलोनी मुख्य मार्ग, फारेस्टर वार्ड ज्ञान विद्या मंदिर के आसपास, लखेरा रोड में डॉ. डी. शंकर के मकान के सामने स्थित नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।



## 80 भवनों का लाटरी पद्धति से आवंटन

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा गरीबों को आवास की सुविधा उपलब्ध करानें के उद्धेश्य से आई.एच.एस.डी.पी योजनांतर्गत नगर के विभिन्न स्थलों इंदिरानगर बस्ती, सरला नगर बस्ती, पडरवारा अमीरगंज बस्ती, प्रेमनगर बस्ती में निर्मित लगभग 80 भवनों का आबंटन किया गया। नगर निगम कार्यालय के मेयर इन काउन्सिल सभागार कक्ष में आज दोपहर 12:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशन में तहसीलदार राजीव मिश्रा, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, उपायुक्त अशफाक परवेज, प्र. कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा, प्र.सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री संजय मिश्रा, अश्विनी पाण्डेय तथा योजना के हितग्राहियों की उपस्थिति में उक्त योजना के अन्तर्गत नगर की विभिन्न बस्तियों मे निर्मित लगभग 80 भवनों के पात्र हितग्राहियों को रैण्डमाईजेशन पद्धति से भवनों का आबंटन किया गया।

## बहोरीबंद में फॉर्मर प्रॉड्यूसर कंपनी के गठन के संबंध में आयोजित हुई बैठक




**कटनी।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में गतदिवस 10 अगस्त को फार्मर प्रॉड्यूसर कंपनी विकासखंड बहोरीबंद के गठन के लिये प्राप्त व इच्छुक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स बैठक का आयोजन हुआ। विकासखण्ड के जागरुक एवं प्रगतिशील कृषकों की उपस्थिति में यह बैठक आयोजित हुई। जिसमें कृषकों को इस संबंध में जारी निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें क्षेत्र के किसानों में अपनी सकारात्मक सहभागिता करते हुये अपना योगदान दिया।

## लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु कमशिनर ने दिए निर्देश

### एसडीम एवं तहसीलदार न्यायालय बहोरीबंद का किया निरीक्षण



**कटनी।** गुरुवार को जबलपुर संभाग के कमिश्नर बीण् चन्द्रशेखर जिले के प्रवास पर बहोरीबंद पहुंचे। इस दौरान उन्होने बहोरीबंद में एसडीएम कोर्टए तहसील कोर्ट व कार्यालय की निरीक्षण किया। जिसमें उन्होने कार्यालयों में संचालित विभिन्न शाखाओं में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही एसडीएम एवं तहसील कार्यालय परिसर के विभिन्न कक्षों का भी विजिट किया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सहित एसडीएमए तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। संभागायुक्त श्री चन्द्रशेखर ने निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरणों की जानकारी ली। जिसमें उन्होने 107ए 116ए 151 व अन्य दांडिक प्रकरणों की स्थितिए निराकृत एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी अधिकारियों से ली। कमिश्नर श्री चन्द्रशेखर ने एसडीएम एवं तहसीलदार न्यायालय में लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये।

# सीवर एंटी प्रोफेशनल एवं स्वच्छता कमांडो कर्मचारियों को निगमायुक्त ने प्रदान किये सुरक्षा उपकरण







**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सफाई व्यवस्था के साथ साथ स्वच्छता मित्रों को कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे इस हेतु सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का भी पूर्ण ख्याल रखा जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज प्रातः 11:00 नगर निगम कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत नगर की सीवर सफाई करने वाले सीवर एंटी प्रोफेशनल एवं स्वच्छता कमांडो कर्मचरी शिवम राजू, बाबूलाल गौरीशंकर, विनोद मोतीलाल, रानू रमेश, राजेश मैकू, मोनू विष्णुप्रसाद समुर्दे, शुभम भोला, दुर्गेश मोगरे, राजू प्रेमलाल, सतीष वृंदावन सहित अन्य उपस्थित कमांडो को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया गया। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बताया कि हमारे स्वच्छता कमांडों कर्मचारियों को नगर के सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा का समना न करना पडे इस हेतु आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के तहत कव्हर जैकिट, जैकिट, ग्लोब्ज, लांग बूट, हैलमैट, हैलमेट विथ टार्च, मास्क आदि का वितरण किया जाकर उपस्थित समस्त स्वच्छता कमांडों को किट पहनकर ही पूर्ण सुरक्षा के साथ सफाई कार्य करनें के निर्देश प्रदान किये गए है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033

Email :- katni@yashbharat.com

# रंगेहाथ चोर व सीसीटीवी फुटेज देने के बावजूद वारदातों से पर्दा नहीं उठा पा रही पुलिस

## कहार महामंच ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से की कार्रवाई की मांग





**कटनी।** चोरी की वारदातों से संबंधित सीसीटीवी फुटेज व चोरी करते युवक को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले करने के बावजूद पुलिस न तो चोरी की वारदातों का पर्दाफाश कर पा रही है और न ही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगा पा रही है। इस संबंध में सामाजिक संगठन कहार महामंच के पदाधिकारियों ने एसपी मयंक अवस्थी सहित पुलिस अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुए चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की है। कहार महामंच के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन दिनों टेंट कारोबारी चोरों के निशाने पर हैं। महामंच ने बताया गतदिवस शास्त्री कालोनी स्थित भरत टेंट हाऊस में चोरी की वारदात हुई। भरत टेंट हाऊस के संचालक भरत बर्मन के द्वारा वारदात से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए। जिसमें दिख रहे युवकों को पकड़ कर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है। इसके पूर्व हीरागंज स्थित संजय सरावगी टेंन्ट व्यवसायी के मकान व गोदाम से हुई चोरी का भी आज तक पता नहीं लग पाया है। वहीं अब 11 अगस्त को शास्त्री कालोनी निवासी दीपक जायसवाल के सवारी आटो से स्टपनी व बैटरी चोरी करते एक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया गया है। महामंच का आरोप है कि पुलिस को रंगेहाथ चोर पकड़ कर देने व सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के बावजूद पुलिस वारदातों का पर्दाफाश नहीं कर पा रही है।

### कार्यवाही की मांग

महामंच ने शहर की कालोनियों में बेवजह घूमने फिरने वालों की जांच खिरहनी ओवरब्रिज में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू कराये जाने की भी मांग की है। कहार महामंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेतराम बर्मन, जिलाध्यक्ष राजेश बर्मन, सदस्य नारायण बर्मन, जगदीश बर्मन, कन्हैया निषाद, शिवशंकर बर्मन, कटनी टेंन्ट व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष संजय सरावगी, भरत बर्मन, अनुराग श्रीवास्तव, शंभू बर्मन, राकेश पटेल, अलोक रजक, दीपक जयसवाल, दीन्नु विश्वकर्मा ने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराकर व्यापक कार्रवाई की मांग की है

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां, कलेक्टर-एसपी ने ली रिहर्सल परेड की सलामी



जिले में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस वर्ष नगर निगम स्टेडियम की बजाए पुलिस लाइन झिंझरी में मुख्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। मुख्य समारोह को लेकर पुलिस, होमगार्ड, एसएएफ के जवानों द्वारा परेड की रिहर्सल की जा रही है। आज कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन झिंझरी में रिहर्सल परेड का जायजा लिया और परेड की सलामी ली।

# न दंगल और न सुनाई दी बीन की धुन

## उत्साह के साथ मना नागपंचमी का पर्व, मंदिरों में पूजा अर्चना

**कटनी।** पिछले साल की तरह इस साल भी कोरोना संक्रमण की वजह से नागपंचमी पर्व पर न तो दंगल के आयोजन हुए और न ही शहर में कहीं बीन की धुन सुनाई दी। मंदिरों में जरूर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए रस्म निभाई। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों में ही पूजा अर्चना की। नागपंचमी के अवसर पर आज आजाद चौक गाटरघाट स्थित करमुखा बाबा के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना करते हुए दूध और खीर चढ़ाई, इसके साथ ही शहर के शिवमंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने नागदेवता को दूध अर्पित करते हुए विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। शहर में हर साल नागपंचमी का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता था। अखाड़ों में दंगल के कार्यक्रम आयोजित होते थे। मंदिरों में भी दिन भर विविध अनुष्ठान किए जाते थे लेकिन पिछले साल की तरह इस वर्ष भी कोरोना संक्रमण की वजह से शहर में न तो दंगल के कार्यक्रम हुए और न ही मंदिरों में कोई अनुष्ठान। शहर के कुछेक इलाकों में ही बीन की धुन सुनाई दी। कथाओं के अनुसार नागपूजा प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। श्रावण शुक्ल पंचमी के दिन नागपंचमी का पर्व परम्परागत श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जाता है। इस दिन नागदेवता को दूध एवं खीर चढ़ाई जाती है और नागों का दर्शन शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक नागपंचमी के अवसर पर शिव मंदिरों और नाग मंदिरों में नाग देवता की विशेष पूजा अर्चना की जाती है।





### करमुखा बाबा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

आजाद चौक गाटरघाट स्थित करमुखा बाबा के मंदिर में सुबह से ही नागदेवता की पूजा अर्चना करने और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां श्रद्धालुओं द्वारा नागदेवता की आरती उतारी गई, दुग्धपान कराया गया, नारियल फोड़े गए और प्रसाद वितरित किया गया। नाग पंचमी पर आज कई शिव मंदिरों सहित नागदेवता के स्थानों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।


**नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कटनी**

एनसीईटी नई दिल्ली एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

B.Ed. D.Ed.

संपर्क करें-एन.एच. 7 कलेक्ट्रेट के पास झिंझरी कटनी

मो.9752540630, 9302465246, 7509046981



**महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी**

College Code 740(8) F/A200153

मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)

B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)

D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)

D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा )

छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश

संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480



CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

AVAILABLE FACILITIES

SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | CITY PRIDE Cinema | Food Junction | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS | GRAVITY THE PUB

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com


## आज से पटरियों पर दौड़ेगी मेमू ट्रेन

**कटनी।** बहुप्रतीक्षित मेमू ट्रेन आज से शुरू हो रही है। सीएम शिवराज सिंह चौहान वर्चुअल माध्यम से सतना व कटनी के कार्यक्रमों से जुड़कर मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। लोकल ट्रेन की तर्ज पर 8 डिब्बों की यह मेमू ट्रेन अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, इसके प्रत्येक डिब्बे में 84 यात्रियों के बैठने, खड़े रहने के लिए जगह रहेगी। मेमू ट्रेन संख्या 06621/06622 कटनी-बीना के बीच चलेगी। यह ट्रेन बीना से सुबह 5 बजे रवाना होकर 11:50 मिनट पर कटनी पहुंचेगी। कटनी से दोपहर 12 बजे रवाना होकर शाम 6:30 मिनट पर बीना पहुंचेगी। इसी तरह मेमू ट्रेन संख्या 06625/06626 सतना-कटनी के बीच चलेगी। यह ट्रेन सतना से दोपहर 12:05 मिनट पर रवाना होकर दोपहर 1:55 मिनट पर कटनी पहुंचेगी। कटनी से दोपहर 2 बजे रवाना होकर दोपहर 3:50 मिनट पर सतना पहुंचेगी। इसी तरह मेमू ट्रेन संख्या 06619/06620 इटारसी-कटनी के बीच चलेगी। यह ट्रेन इटारसी से सुबह 4:30 मिनट पर रवाना होकर सुबह 9:15 मिनट पर जबलपुर और सुबह 11:30 मिनट पर कटनी पहुंचेगी। कटनी से दोपहर 2 बजे रवाना होकर दोपहर 3:55 मिनट पर जबलपुर और रात 9:50 मिनट पर इटारसी पहुंचेगी। इसके अलावा जबलपुर-कटनी मार्ग पर इंटरसिटी एक्सप्रेस के बंद होने के बाद मेमू चलाई जा सकती है। मेमू ट्रेन थ्री फेस टेक्नोलॉजी बेस पर होगी। इसमें जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे और अलार्म चेन के पास पुश बटन होगा। ड्राइविंग कैब एयरकंडीशन वाला होगा। कोच की हर गतिविधि ड्राइविंग कैब में बैठकर देखा जा सकेगा।


भारतीय रेल का प्रयास
मध्य प्रदेश का सर्वांगीण विकास



सतना - इटारसी
सतना - मानिकपुर
कटनी - बीना
के बीच तीन मेमू ट्रेनों की
हरी झंडी दिखाकर रवानगी

मुख्य विशेषताएं

सुरक्षित एवं सुगम यात्रा
दैनिक यात्रियों को विशेष लाभ
सस्ता परिवहन, समय की बचत
स्थानीय कारोबार और उद्यम को बढ़ावा
आधुनिक रैक जिसमें सीसीटीवी कैमरा, आपातकालीन पुश बटन, डिजिटल डेस्टीनेशन बोर्ड एवं बायो टॉयलेट आदि सुविधाएं

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
द्वारा
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)


सतना | 13 अगस्त 2021 | शाम 4:00 बजे

देश की सेवा में निरन्तर
भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमे फॉलो करें : /RailMinIndia

कार्यक्रम की लाईव स्ट्रीमिंग से जुड़े : https://www.youtube.com/channel/UCs1qll8SODnC5vKSan-19uQ/live



**सिटी मॉल बरही रोड में**



हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो
ता. 13 से
दोपहर 1,4 एवं
7 बजे से

कलाकार- पेट्रिक विल्सन, वेरा फर्मिगा, जॉन नोबल, स्टीव कोल्टर आदि।


THE CONJURING

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



**सिटी मॉल बरही रोड में**



बॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 13 से
दोपहर 12.30,3.30
एवं 6.30 बजे से

कलाकार- संदीप बोस, आशीष चौधरी, गौरव डागर, प्रणय दीक्षित आदि।

D COMPANY

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)